This question paper contains **3** printed pages]

RN—406—2022

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

MAY/JUNE, 2022

(CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper-VIII

(नाट्य साहित्य—भाग-2)

(Wednesday, 6-7-2022) **Time : 9.30 a.m. to 1.15 p.m.**

Time— 3.45 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(अ) "जहाँ न धर्म न बुद्धि नहिं, नीति न सुजन समाज।
ते ऐसहि आपुहि नसे, जैसे चौपटराज।"

10

अथवा

"मुक्ति मिलती है सबको कभी न कभी
वह जो बन्धु घाती है। हत्या जो करता है
माता की, प्रिय की, बालक की, स्त्री की
किन्तु आत्मघाती। भटकता है अँधियारी
लोको में। सदा-सदा के लिए बनकर प्रेत।"

(ब) "सत्य कितना ही कटु हो
कटु से यदि कटुतर हो
कटुतर से भी कटुतम हो
फिर भी कहूँगा मैं।"

P.T.O.

4156E3E3E5383BDF83225C51A8ACFA14

अथवा

"तुम सर्ग-पाठ प्रारम्भ करोगे और लोगों के सामने नवदम्पति के अंतरंग जीवन की परतें खुलने लगेंगी। तुम पन्ने पर पन्ने पलटते जाओगे और श्रोता जैसे दर्शक बनकर पति-पत्नी की उन्मुक्त प्रणय-लीला देखेंगे।"

2. हिंदी नाटक साहित्य की विकासयात्रा में प्रसादकालीन नाटक के महत्व को विशद कीजिए। 20

अथवा

'अँधेरी नगरी' नाटक की कथावस्तु बताइए।

3. समकालीन हिंदी नाटकों के महत्व को विशद कीजिए। 20

अथवा

'अंधायुग' नाटक की मूल संवेदना बताइए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **15-20 पंक्तियों** में लिखिए : 5

(*i*) जगदीशचंद्र माथुर का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*ii*) विजय तेंदुलकर का जीवन परिचय दीजिए।

(*iii*) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की विशेषताओं को विशद कीजिए।

(*iv*) नाट्य साहित्य में गिरीश कर्नाड के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'कन्यादान' किसका नाटक है ?

(*ii*) जगदीशचंद्र माथुर का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) 'नागमंडल' किस विधा की रचना है ?

(*iv*) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना को साहित्य अकादमी का पुरस्कार किस वर्ष प्राप्त हुआ ?

(*v*) उपेन्द्रनाथ अश्क की मृत्यु किस ईसवी को हुई ?

4156E3E3E5383BDF83225C51A8ACFA14

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) अंजो दीदी.................................का नाटक है।

(*ii*) विजय तेंदुलकर का जन्म.................................ईसवी को हुआ।

(*iii*) गिरीश कर्नाड का जन्म.................................ईसवी को हुआ।

(*iv*) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ने.................................पत्रिका का संपादन किया।

(*v*) जगदीशचंद्र माथुर की मृत्यु.................................ईसवी को हुई।

4156E3E3E5383BDF83225C51A8ACFA14